दैनिक
# पद्मावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 232 • मुंबई, बुधवार, 01 मई , 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## प्रसिद्ध वाक्पती पीठ द्वारा पत्रकार जीतु सोमपुरा को कर्मवीर अवॉर्ड



पदमावत मीडिया

**मुंबई** । जगद्गुरु श्रीमद् वल्लभाचार्यजी महाप्रभुजी प्रवर्तित शुद्धाद्वैत पुष्टिमार्गीय प्रसिद्ध वाक्पति पीठ (बड़ौदा) द्वारा वैष्णवाचार्य वर्य वाक्पति

पीठाधीश्वर पूज्य श्रीमद् गोस्वामी 108 श्री मथुरेश्वरजी महाराजश्री की प्रेरणा से वैष्णवाचार्य पूज्य गोस्वामी 108 श्री द्रुमिलकुमारजी महोदयश्री ने मुंबई के अग्रणी गुजराती पत्रकार जीतु सोमपुरा को पत्रकारिता के माध्यम से धर्म प्रचार क्षेत्र में श्रेष्ठ कर्मठ सेवा प्रदान करने के लिए कर्मवीर अवॉर्ड सनातन धर्म वैष्णव विराट गौरव महोत्सव में अर्पण किया था। प्रिंट मीडिया में जन्मभूमि दैनिक से लेकर इलेक्ट्रोनिक मीडिया में विभिन्न धार्मिक चैनलो द्वारा पिछ्ले 49 साल की पत्रकारिता की यात्रा के दौरान सोमपुराजी ने धर्म प्रचार क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर 92 श्रमिकों किया जाएगा अभिनंदन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** अंतर्राष्टीय श्रम दिवस 1 मई को द गुरुकुल कॉलेज बुढल में धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्थापक दिनेश माली ने बताया की कार्य म के मुख्य अतिथि जनजाति एवं होमगार्ड मंत्री बाबूलाल खराड़ी होंगे। अध्यक्षता वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी करेंगे। विशिष्ट अतिथि गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती , समाजसेवी भंवर सिंह पवार , पूर्व महाप्रबंधक लि पी डाटा विश्वजीत पानेरी होंगे। निदेशक दिवाकर माली ने बताया कि अंतर्राष्टीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, विधालय में पोषाहार बनाने वाले कार्यकर्ताओं व अन्य विद्यालयों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों व ड्राइवर, सफाई कर्मचारियों को अंतर्राष्टीय श्रम दिवस का अवसर 92 श्रमिकों को पर सम्मानित किया जाएगा।

## चार-पहिया वाहन चोरी कर भागा युवक को हाथीपोल पुलिस ने किया गिरफ्तार, वाहन भी किया जब्त

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । जिले की हाथीपोल थाना पुलिस की टीम ने 19 अप्रैल को अश्वनी बाजार के पास कब्रिस्तान के बाहर खड़े अशोक लीलैंड पिकअप की चोरी का खुलासा कर आरोपी पप्पू कटारा उर्फ मुकेश कटारा पुत्र रामलाल उर्फ कालू लाल (28) निवासी गलन्दर थाना रामसागडा जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार कर इस पिकअप के साथ एक अन्य पिकअप भी जब्त की है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 19 अप्रैल की रात वार्ड नंबर 34 थाना घंटाघर निवासी टेंपो चालक मोहम्मद हसन परवेज अपना लोडिंग पिकअप अश्विनी बाजार के पास कब्रिस्तान के आगे खड़ा कर कर गया था। सुबह आकर देखा तो पिकअप मौके पर नहीं मिली। परिवादी की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसपी गोयल ने बताया की वाहन चोरियों की घटनाओं की रोकथाम के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ कैलाश चंद्र के सुपरविजन एवं एसएचओ आदर्श कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त फुटेज, तकनीकी संसाधनों व मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर चोरी गया अशोक लीलैंड पिकअप बरामद किया गया।

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मुकेश कटारा पुत्र कालू लाल कटारा निवासी मेवाड़ा थाना रामसागड़ा जिला डूंगरपुर होना बताया। उसने बताया कि 16 अक्टूबर 2023 को उदयपुर जेल से रिहा होने के दो दिन बाद ही उसने गुलाब बाग रोड से एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप चोरी की और गुजरात चला गया, जहां वह उसे अपने काम में ले



रहा था।

एक महीने बाद ही 28 नवंबर 2023 को थाना मोडासा ग्रामीण गुजरात पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तब गाड़ी के कागजात लाने की कह वहां से फरार हो गया। आरोपी की सूचना पर मोडासा थाने में खड़ी पिकअप को चैक किया तो इंजन नंबर व चेचिस नंबर के आधार पर थाना सूरजपोल के प्रकरण में वांछित होना पाई गई।

एसपी गोयल ने बताया कि आरोपी मुकेश कटारा के बारे में थाना रामसागड़ा से रिकॉर्ड प्राप्त किया तो कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला। बताये गये पते पर भी मुकेश कटारा नाम से कोई व्यक्ति नहीं होना पाया जाने पर गहनता से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना असली नाम पप्पू कटारा पुत्र रामलाल उर्फ रामा कटारा निवासी गलन्दर थाना रामसागड़ा होना बताया। आरोपी पप्पू कटारा के विरुद्ध चोरी के कुल नौ प्रकरण दर्ज है और वह कई बार जेल जा चुका है

## मानव सेवा संस्थान ने 408 पानी टैंकर डलवाकर किया जीवदया का कार्य



पदमावत मीडिया

**जोधपुर** । गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का काम है। भीषण गर्मी को देखते हुए तपती धूप में शीतल पेय जल चाहे मनुष्य या जानवर सभी के लिए अमृत के समान होता है।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अति आवश्यक एवं परोपकारी तथा जीवदया का मन में सेवा भाव को लेकर मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमेश छजेड़ रामसर के द्वारा पिछ्ले डेढ़ माह से जोधपुर संभाग एवं दूर दराज सीमावर्ती क्षेत्र जैसे जैसलमेर, चौहटन, बाड़मेर, जालोर व पाली में संचालित विभिन्न गौ शालाओ में रहने वाले गो वंश एवं बाल गृह, वृद्धा आश्रम संस्थानों तथा जल सेवा केंद्र प्याऊ व विद्यालयों में टैंकर के माध्यम से पेय जल की आपूर्ति कारवाई जा रही है।

मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमेश छाजेड़ ने बताया कि इस तेज गर्मी में पेय जल आपूर्ति मिशन में विभिन्न दानदाताओं व समाजसेवियों ने अपना सहयोग किया है । अप्रैल माह में उक्त स्थलों पर कुल 408 पेयजल टैंकर की आपूर्ति कारवाई गई है तथा यह सेवा कार्य 30 जुन तक निरन्तर बना रहेगा। छाजेड़ बताया कि इस भीषण तापमान को देखते हुए प्रतिदिन समस्त आवश्कता वाले स्थल पर सम्पर्क किया जाता है व तुरंत पेयजल की कमी को दूर किया जा रहा है। इस पेयजल आपूर्ति मिशन में सहयोग अथवा पेयजल टैंकर की आवश्यकता के लिएड्ड मोबाइल नंबर 9414916938 पर कभी भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न आम चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला कलक्टर ने जताया आभार

पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रत्येक मंगलवार को आयोजित विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को लोक सभा आम चुनाव-2024 को शान्तिपूर्वक सम्पन्न होने पर सभी विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठो के प्रभारी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि चुनाव कार्य में सभी विभागीय अधिकारियों व कार्मिको की मुख्य भूमिका होती है, जिसमें आप सभी द्वारा अच्छा कार्य किया गया हैं।

उन्होंने आम चुनाव में समन्वित भावना के साथ पूरी सतर्कता के साथ किए गए कार्य की प्रशंसा करते हुए आगामी समय में आम जन को राहत प्रदान करने के लिए जनोपयोगी कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा। बैठक में जिला कलक्टर ने सम्पर्क पार्टल पर दर्ज प्रकरणों को गंभीरता से लेने और सम्पर्क पार्टल पर दर्ज लम्बित प्रकरणों को समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। इस मौके पर वर्तमान में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था के साथ ही हीट वेव से प्रभावित जनों के स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार पर चर्चा करते हुए सम्बद्ध अधिकारियों को आमजन के राहत के लिए पर्याप्त व्यवस्थाओं के साथ उचित प्रबन्ध करने के निर्देश दिए। बैठक में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ब्लाक स्तर पर बैठके आयोजित करने, खराब पडे हेण्डपम्पों की तत्काल मरम्मत कराने तथा उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में भी पेयजल व्यवस्था की ग्राम पंचायत स्तर पर समीक्षा कर पेयजल के उचित प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने इसके अलावा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में नियमित बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सम्बद्ध अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि बिजली आपूर्ति में आने वाले व्यवधानों के समय पर सुधार किया जाए ताकि आमजन को नियमित बिजली आपूर्ति हो सके।

यह रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, डीओआईटी उप निदेशक जीवन लाल मीणा, सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी एवं चुनाव प्रकोष्ठो से जुडे प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात युवक की हत्या के मामले में पाटिया पुलिस ने किया खुलासा आरोपियों को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के पाटिया थाना क्षेत्र में गमेती फला बलिचा इलाके में लोकसभा चुनाव के रोज मिली लाश के मामले का थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी भाइयों अशोक उर्फ अश्विन पुत्र वीरेंद्र उर्फ वीरजी गरासिया (26), बलवीर उर्फ प्रवीण गरासिया निवासी आगनिया फला बलवाड़ा थाना कोतवाली जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार कर साथी बाल अपचारी को निरुद्ध कर लिया। 22 वर्षीय मृतक लोकेश भी इन्हीं के गांव का रहने वाला था। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी और मृतक लोकेश आपस में दोस्त थे। करीब 1 साल पहले आरोपी अश्विन एक नाबालिग लड़की को अपने घर पर लाया। घरवालों की समझाइश व दोनों पक्षों के आपस में बातचीत के बाद नाबालिग लड़की अपने घर चली गई, उसके बाद उसने अश्विन से बातचीत बंद कर दी।

इसी बीच नाबालिग और लोकेश के आपस में प्रेम संबंध स्थापित हो गए। जिसकी जानकारी होने पर आरोपी अश्विन उससे रंजिश रखने लगा। पकड़े गए तीनों आरोपी व मृतक लोकेश की रिश्तेदारी एक ही गांव गमेती फला खेड़ा घाटी में है। आरोपियों को पता था कि लोकेश



अपनी मौसी के यहां गमेती फला गया है और नाबालिग लड़की भी वही है। इस पर आरोपियों ने घात लगाकर लोकेश की हत्या कर दी और लड़की को अगवा कर ले गए।

आरोपी अशोक उर्फ अश्विन ने अपहृता से गलत काम करना स्वीकार किया है। पुलिस ने अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर लिया है। जिसका मेडिकल परीक्षण करवा अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

**यह है मामला**

26 अप्रैल की सुबह गमेती फला गांव में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर एसएचओ पाटिया देवेंद्र सिंह राव मय टीम के मौके पर पहुंचे। आस-पड़ोसियों से पूछताछ के बाद लाश की पहचान लोकेश पुत्र भूरालाल निवासी बलवाड़ा जिला डूंगरपुर में की गई। मृतक के भाई सूरज ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले लोकेश उनकी मौसी मनु देवी निवासी खेड़ा घाटी के घर गया था। रात को खाना खाकर बाहर आंगन में सो गया था। अज्ञात बदमाश उसे घर से ले गए और पत्थर मारकर हत्या कर दी।

**आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने किया घटना का खुलासा**

एसपी गोयल ने बताया कि मृतक के भाई सूरज की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल व सीओ राजीव राहर के सुपरविजन एवं एसएचओ देवेंद्र सिंह राव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए उपलब्ध साक्ष्य, आसूचना व तकनीकी सहयोग से घटना के आरोपी भाइयों बलवीर उर्फ प्रवीण व अश्विन उर्फ अशोक गरासिया व साथी नाबालिग को डिटेन कर घटना का खुलासा कर दिया।

## यूट्यूब पर पंकज शर्मा की कॉमेडी की वीडियों देखकर मैं भी कॉमेडियन बना - किशोर प्रजापत



राजस्थानी कॉमेडियन पंकज शर्मा







पदमावत मीडिया

नमस्कार दोस्तो! मेरा नाम किशोर प्रजापत है और मेरी उम्र- 33 वर्ष है।मेरे पिता का नाम- गिरधारी राम प्रजापत है, मैं 12 वीं कक्षा पास हूं साथ ही मैं झालमण्ड सर्कील, खेतेश्वर नगर, जोधपुर राजस्थान का रहने वाला हूं।

दोस्तो! आपने एक पंक्ति तो जरूर सुनी होगी की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती और यह पंक्ति मेरे जीवन से जुड़ी हुई है मैने जो सपना देखा था वो पूरा हो गया है। मैं आपको अपनी जीवन की उस कहानी को बताने जा रहा हूं जिसे सुनकर आप भी आत्मविश्वास से भर जायेगें। यह मेरे जीवन में बीता हुआ वो किस्सा है जिसने मेरी पूरी जिंदगी ही बदल दी और आज मैने स्वयं की कहानी स्वयं की कलम से लिखी है। बात करीब आज से 5 साल पहले की है जब में झालमंड में एक डेयरी की दुकान चलाता था और दुकान से फ्री होते ही यूट्यूब पर पंकज शर्मा के कॉमेडी वीडियो देखता था और देखते ही देखते एक सपना बन गया कि मैं भी एक कॉमिडियन बनूंगा और इस बात को मैने अपने दिलों दिमाग मैं बैठा लिया इसके बाद मैं सोचने लगा की मुझे भी लोग पंकज शर्मा के जैसे किशोर कॉमिडियन नाम से पहचानें और शायद मेरी किस्मत को भी यही मंजूर था और एक दिन पंकज शर्मा से मेरी मुलाक़ात हुई और उनको मैंने अपनी कॉमेडी दिखाई तो उनको अच्छी लगी और उन्होंने अपने साथ काम करने का मुझे अवसर दिया और मैंने उनके साथ काम करके अपने इस सपने को सच कर लिया। आज लोगो का प्यार बहुत मिल रहा है पंकज शर्मा और मैं किशोर प्रजापत आज भाई से बढ़कर है और एक दूसरे के साथ रहते है। और झालमंड मैं एक भावना डेयरी के नाम से चलाने वाला दुकान दार लोगो के लिए कॉमेडियन किशोर प्रजापत के नाम से जाने लगा। आज मेरी सफलता



के पीछे सबसे ज़्यादा सपोर्ट करने वाला मेरे भाई की तरह रहने वाला पंकज शर्मा और मेरा बड़ा भाई श्रवण प्रजापत है।

## मोक गांव में पैयजल आपूर्ति के लिए जिला कलेक्टर ज्ञापन

पदमावत मीडिया

**जालोर/मोदरान।** जालोर जिले के रेवत ग्राम पंचायत मुख्यालय के मोक गांव में पिछ्ले कई महीनों से पेयजल की आपूर्ति सुचारू से नही होने पर ग्रामीणों व गांव के समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने जिला कलेक्टर जालोर को ज्ञापन देकर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग किया है गांव में एक मात्र पानी का सौत्र जीएलआर टांका बना हुआ है लेकिन नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीण जनता को भारी परेशानी का सामान करना पड़ता है साथ गांव मे पशुपालन करने वाले किसानों को गाय भैंस व मवेशीयों को भी पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

इस सम्बन्ध में समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने जालोर जिला कलेक्टर को बताया कि गांव की आबादी के अनुपात में पानी कि सप्लाई नही हो रही है जिससे लोगो को मजबूरी में टैंकरों के माध्यम से पानी लाने में विवश होना पडता है।

राजपुरोहित ने बताया कि सरकार कि जिम्मेदारी है कि वो पानी सुरक्षा स्वास्थ्य शिक्षा का गांव में उचित प्रबंध पर ध्यान देना चाहिए ताकि लोगो का शहर के प्रति पलायन कम होगा जिससे गांव मजबूत होगे

आगे उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर ने पानी की आपूर्ति सुचारू रूप सै शुरू रखवाने को लेकर भरोसा दिलाया ओर सम्बन्धित अधिकारीयों को तत्काल निर्देशत करने को कहा अधिकारी एव जलदाय विभाग के कर्मचारी ने दुरभाष पर बताया कि आगामी दिनों में नियमित रुप से



सप्लाई शुरू रखवाने का आश्वासन दिया गया है।

## कलेक्ट्रेट आई विशेष योग्यजन महीला की ध्यान से सुनी हर बात जिला कलेक्टर ने कहा की आपकी समस्या के समाधान के पुर्ण प्रयास किए जाएंगे

पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार सुबह विषेश योग्यजन महीला की परिवेदना को ध्यान पूर्वक सुना और जल्द ही समाधान करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की सादगी से हम सब परिचित हैं लेकीन एक बार फिर से उनकी सादगी देखने को मिली जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कलेक्ट्री परिसर में आने वाले विशेष योग्यजन और बुजुर्गो की सुविधा के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की हे जिससे विशेष योग्यजन और बुजुर्गो को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसी ' म में आज एक विषेश योग्यजन महीला अपनी परिवेदना ले कर कलेक्ट्री पहुंची तो इसकी सूचना जेसे ही जिला कलक्टर को मिली वह स्वयं अपने कक्ष से बाहर आए और तुरंत महीला



से मिलने पहुंचे और बड़े ही ध्यान से उनकी परिवेदना को सुना और कहा की जल्द ही आपकी परिवेदना का समाधान किया जाएगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने खड़े रहकर उनकी सारी समस्या को सुना।

# बालिकाओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक




पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** बाल अधिकारिता विभाग व चाइल्डफंड इंडिया के तत्वावधान में मंगलवार को गोगुन्दा में बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में आखा तीज पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावों में होने वाले बाल विवाह को पूरी तरह से रोकने और किशोरियों को इसकी रोकथाम के लिए जागरूक होकर समाज को प्रेरित करने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम में गोगुन्दा तहसीलदार ओम सिंह लखावत, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरुषी जैन, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राजकुमार जीनगर, जिला चाइल्ड हेल्पलाइन अधिकारी नवनीत औदिच्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ प्रताप सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से दशरथ सिंह सहित चाइल्ड लाइन इंडिया के सीनियर कार्यक्रम अधिकारी राजेश शर्मा, आशीष चौधरी, विकास दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित बाल विवाह निषेध कानून और बालिकाओ से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

# हिंदुस्तान स्काउट-गाइड का सात दिवसीय संभाग स्तरीय स्काउट बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर 2 मई से

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के समस्त विद्यालयों में स्काउटिंग प्रवृत्ति का अनिवार्यतः संचालन करवाने के लिए हिंदुस्तान स्काउट-गाइड का सात दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर 2 से 8 मई तक महावीर जैन कॉलेज विद्यालय संस्थान कीर की चौकी में आयोजित होगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर जिले के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयो के समस्त संस्था प्रधानो को निर्देश दिए है कि वे जिले के समस्त विद्यालयों में स्काउटिंग प्रवृत्ति का अनिवार्यत संचालन किए जाने हेतु संबंधित अध्यापकों को प्रशिक्षण दिलवाने एवं विद्यालयों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण करवाकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित करें। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने भी जिले के बड़गांव, गिर्वा, मावली, फलासिया, गोगुंदा, सायरा, भींडर, झामर कोटड़ा, जयसमंद, सलूंबर, खेरवाड़ा, ऋषभदेव, सेमारी, नयागांव, कुराबड, वल्लभनगर एवं देलवाड़ा ब्लॉक के कुल 277 अध्यापकों को नामजद आदेश जारी कर प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए पाबंद किया है। इसी संदर्भ में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा उदयपुर संभाग ने भी आदेश जारी किये है। हिंदुस्तान स्काउट-गाइड के गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विद्यालयों में स्काउटिंग प्रवृत्ति के संचालन से संबंधी विभिन्न गतिविधियों के साथ दक्ष-प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# श्रमिक दिवस - मनरेगा श्रमिकों का आज अवकाश, कल से समय परिवर्तित

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्रमिक दिवस के अवसर पर एक मई को महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों का अवकाश रहेगा। वहीं नरेगा कार्मिकों के लिए गुरुवार को निर्धारित अवकाश के दिन 2 मई को कार्य दिवस रहेगा। जिला परिषद सीईओ श्रीमती कीर्ति राठौड़ ने बताया कि विभागीय आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार के दिशा-निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत कार्यों का समय 15 जुलाई 2024 तक सुबह 6 बजे से मध्याह्न 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। है। उन्होंने यह बताया कि यह प्रावधान भी किया गया है कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में अंकित करवाने के बाद एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्यस्थल छोड़ सकता है।

# ग्रीष्म ऋतु में श्वानों का रखें विशेष ध्यान पानी-छाया का करें इंतजाम

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** बढ़ती गर्मी में ष्वानों को पर्याप्त मात्रा मे जल उपलब्ध नही होन से डिहाईड्रेषन की संभावना बढ़ रही है। पषुपालन प्रषिक्षण संस्थान के उपनिदेषक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि ष्वान की पानी की आवष्यकता का ध्यान रखना चाहिए। श्वान को अत्यधिक ठंडा या गरम पानी नही देना चाहिए। डॉ. सुरेश शर्मा ने बताया कि निर्जलीकरण की समस्या होने पर पानी के साथ ओआरएस मिलाकर देना चाहिए गर्मियों के मौसम में घर में पाले श्वान को सुबह जल्दी एवं सायंकाल पश्चात ही बाहर वॉक पर लेकर जाएं। संस्थान की डॉ. पदमा मील ने भी उपयोगी सुझाव दिए।

# भारतीय शास्त्रीय नृत्य पर आधारित व्याख्यान माला का समापन

## तीन दिवसीय समारोह में नृत्य विशेषज्ञों ने रखे विचार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अग्रणी गुलाब बाग रोड स्थित अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह का समापन सोमवार को मुख्य वक्ता शास्त्रीय संगीत विशेषज्ञ महेंद्र कुमार वर्मा और लेखक शायर कवि कपिल पालीवाल के व्याख्यान के साथ हुआ। संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि मुख्य वक्ता कपिल पालीवाल ने विश्व नृत्य दिवस की अवसर पर आयोजित इस व्याख्यान माला में अपने विचार रखें वहीं शास्त्रीय संगीत विशेषज्ञ महेंद्र कुमार वर्मा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य और कत्थक के बारे में विस्तार से जानकारी उपस्थित छात्र-छात्राओं को दी। इससे पूर्व समारोह के प्रथम दिन वैशाख संगीत उत्सव का आयोजन संस्थान परिसर में शाम 4 बजे से किया गया

जिसके मुख्य अतिथि एडवोकेट हितेश वैष्णव थे। कार्यक्रम में हारमोनियम वादक सौम्य जैन को विशेष प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। आयोजन में आराध्या वैष्णव, खनक जैन, देव कुमावत ,कृति गर्ग, गौरांग शर्मा, लवेश वैष्णव, धैर्य बठीजा ने अपने वाद्य वादन की प्रस्तुति से समां बांधा। रविवार को दूसरे दिन अर्बुदा वरिष्ठ नागरिक क्लब की ओर से कार्यक्रम रखा गया । जिसमें शमशाद बेगम, शकील बदायूंनी ,हसरत जयपुरी, संगीतकार शंकर सिंह रघुवंशी और भारतीय शास्त्रीय गायक कुमार गंधर्व को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर उनके ही गीतों को गाकर याद किया गया। वरिष्ठ नागरिक नूतन वेदी, मनीषा दवे, श्याम एस मेहता, गोपाल गोठवाल, विश्व प्रभा पण्डया, बृजलाल सोनी, अरुण चौबीसा, विनी वैष्णव चंद्र प्रकाश गंधर्व, नारायण सालवी, हिम्मत सिंह सिसोदिया, खुशबू जैन ,महावीर कुमार जैन, नियति कंठालिया, बलवंत कोठारी, भगवत सिंह हाडा ने कलाकारों की जयंती और पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि दी। समारोह के अंतिम दिन कपिल



पालीवाल और शास्त्रीय संगीत विशेषज्ञ महेंद्र कुमार वर्मा को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने किया।

# अकादमियों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

## 15 दिन में ओपीएस पेंशन भुगतान नहीं होने पर धरने की चेतावनी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राज्य की अकादमियों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ओपीएस विकल्प पत्र जमा कराने के बावजूद अब तक पेंशन पीपीओ जारी नहीं हो पाएं हैं। इससे सेवानिवृत्त कार्मिकों को आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के सेवानिवृत्त कार्मिकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन प्रेषित कर पेंशन भुगतान शीघ्र कराने का आग्रह किया है।

ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार के वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प.13(12)वित्त/नियम/2021 दिनांक 20.04.2023 के संदर्भ में राज्य की अकादमियों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने-अपने ओ.पी.एस. विकल्प पत्र संबंधित अकादमियों में यथासमय प्रस्तुत कर दिए हैं। कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार के पत्रांक प.19(11)क.स./2022, दिनांक 22.06.2023 के अनुसार ओ.पी.एस. हेतु अकादमियों/विभागों के लिए रवीन्द्र मंच सोसायटी, जयपुर को ''नोडल एजेन्सी'' बनाया गया है। रवीन्द्र मंच सोसायटी जयपुर को राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पेंशन कुलक (सेट ऑफ फार्मस), आवश्यक प्रपत्र व सी.पी.एफ. के सरकारी अंश की राशि मय ब्याज के ट्रेजरी सचिवालय, जयपुर में जमा कराकर अकादमी सचिव महोदय ने रवीन्द्र मंच जयपुर को सूचना आदि प्रेषित कर दी है। ट्रेजरी जयपुर में यह राशि ई ग्रास चालान दिनांक 31.08.2023 व 13.09.2023 से जमा करवाई है। सेवानिवृत्त कार्मिकों की ओर से 12 फरवरी 2024 को प्रस्तुत ज्ञापन पर राज्य सरकार ने प्रबंधक रविन्द्र मंच को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी प्रदान किए। इसके बावजूद मंच की ओर से अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

ज्ञापन में बताया कि इन कर्मचारियों ने बैंक आदि से ऋण लेकर सरकार में राशि जमा कराई है और पेंशन के अभाव में परिवार पालन में गंभीर असुविधाओं और तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में आग्रह किया कि 15 दिन के भीतर रविन्द्र मंच की ओर से पेंशन भुगतान नहीं किया गया तो जिला कलक्टर कार्यालय उदयपुर के बाहर सत्याग्रह एवं धरने के लिए विवश होना पड़ेगा। ज्ञापन की प्रति उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी, कला, साहित्य-संस्कृति व पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ तथा रविन्द्र मंच जयपुर के प्रबंधक को भी प्रेषित की।

इस दौरान राजस्थान साहित्य अकादमी के सेवानिवृत्त सचिव डॉ लक्ष्मीनारायण नंदवाना, डॉ प्रमोद भट्ट, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी रमेश कोठारी, पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष दुर्गेश नंदवाना, पूर्व वरिष्ठ लिपिक विष्णु पालीवाल, रामदयाल मेहर, भीमशंकर मेनारिया, सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बद्रीलाल मेनारिया व सोहनलाल पानेरी उपस्थित रहे।

# मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान




पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सावित्री बा फुले पर्यावरण एवं शिक्षण संस्थान तथा ज्योति बा फुले शैक्षिक अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सेंट ज्योति बा फुले पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर में मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर वार्ड 41 के सफाई कर्मचारियों तथा स्कूल व कॉलेज के सेवा कर्मचारियों के लिए सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय वार्ड पार्षद कमलेश मेहता, अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, प्राचार्य ज्योति बा फुले शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर, विशिष्ट अतिथि संस्थान निदेशक दिवाकर माली, सफाई कर्मचारी प्रमुख गोपाल , सेंट ज्योति बा फुले पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की निदेशक डॉ. स्वाति पालरिया ने इस अवसर पर स्कूल में नवनिर्मित प्ले ग्रुप रूम का उद्घाटन किया। सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए स्थानीय वार्ड पार्षद कमलेश मेहता ने कहा कि संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने का एक नया प्रयोग किया गया। इसके लिए मैं संस्थान को शुभकामनाएं देता हूं।

निदेशक दिवाकर माली ने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि हमारा संस्थान ज्योति बा और सावित्री बा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में सेवा कर रहा है। संस्था समय-समय पर कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करती रहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्योति बा फुले शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही श्रम की प्रथा प्रचलित रही है। गीता में श्रम आधारित जाति व्यवस्था का वर्णन किया गया है। मजदूर दिवस की विशेषता मजदूरों की उपलब्धियों का सम्मान करना और उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद करना है। सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सेंट ज्योति बा फुले पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य अंजना सेठ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कौशल्या कंवर चौहान ने किया।

# आमंत्रण पत्र व पीले चावल देकर मतदाताओ को 13 मई को मतदान के लिए आमंत्रित किया

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** आमंत्रण पत्र व पीले चावल देकर मतदाताओ को 13 मई को मतदान के लिए आमंत्रित किया । मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान के तहत नाहरगढ नगर में मनोहर वर्मा तहसीलदार सीतामऊ, शासकीय विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाए ,स्वास्थ केंद्र के कर्मचारियों ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ,पूर्व सैनिको, बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा नगरवासियों को आमंत्रण पत्र व पीले चावल देकर आने वाली 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदाताओं को आमंत्रित कर जागरूक किया । नगर में मतदाता जागरूकता अभियान की रेली निकाल घर घर डोर टू डोर जाकर नए मतदाता एवं 80 प्लस के वरिष्ठ नागरिकों का माला पहनाकर स्वागत किया। मतदान अवश्य करने



को कहा । साथ ही मतदान के महत्व को समझाया गया।

# मोटर सायकल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर मोटर सायकल बरामद

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** सम्पत्ति संबंधी अपराधो की रोकथाम एवं पतारसी हेतु अनुराग सुजानिया पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को दिये गये निर्देशो के पालन में गौतम सोलंकी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर एवं सुश्री कीर्ती बघेल एसडीओपी महोदय मंदसौर ग्रामीण के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी थाना नाहरगढ एवं उनकी टीम द्वारा थाना नाहरगढ़ मे एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का मश्रुका 1 मोटरसायकल कीमती 22000 बरामद की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 28.04.24 को फरियादी ईकबाल पिता मिरबक्ष निवासी खेडी मोहल्ला नाहरगढ ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 26.04.24 की रात्रि को फरियादी के घर के बाहर से कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की मोटर सायकल चुरा कर ले गया फ़रियादी कि रिपोर्ट पर थाना नाहरगढ पर अप.' . 147/24 धारा 379 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया जिसमे थाना नाहरगढ की गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की तलाश कर चोरी गया मश्रुका 1 मोटर सायकल रजि. ' . एमपी 14 एम एन 2855 कीमती 22000 रु. आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही की गई।नाम आरोपी गोविन्द पिता हरिराम बागरी उम्र 32 साल निवासी सोनगरा थाना नारायणगढ तथा जप्त मश्रुका टीवीएस स्पोर्ट मोटरसायकल रजि. ' . एमपी 14 एम एन 2855 कीमती 22000 रु.

सराहनीय कार्य सउनि कैलाश बघेल, प्रआर 398 दीपक सांखला, आर.486 लाखन सिह, आर. 513 मनीष दास, आर. 311 महेन्द्र सिह, आर. चालक 411 लियाकत का सराहनीय योगदान रहा है।

# स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करता हैं योग-गर्वा

## दस दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन



पदमावत मीडिया

**नागौर ।** निकटवर्ती ग्राम रिड़ के आयुर्वेदिक औषधालय में डॉ बनवारीलाल मातवा के निर्देशन में चल रहे दस दिवसीय योग शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुँची। योग प्रशिक्षक सोहननाथ गर्वा , बाबूलाल मेहरा एवं जीतू देवी ने महिलाओं को योग के विभिन्न आसन्नो का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक गरवा ने कहा कि योग लोगों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है। योग शारीरिक स्तर पर शक्ति, सहनशक्ति, सहनशक्ति और उच्च ऊर्जा के विकास में मदद करता है। यह मानसिक स्तर पर बढ़ी हुई एकाग्रता, शांति, शांति और संतुष्टि के साथ खुद को

सशक्त बनाता हैं, जिससे आंतरिक और बाहरी सद्भाव पैदा होता है। योग की मदद से आप दैनिक तनाव और उसके परिणामों को प्रबंधित कर सकते हैं। योग शरीर और अस्थिर मन में स्थिरता लाता है। योग के नियमित अभ्यास से बेहतर एकाग्रता और फोकस से ध्यान दिया जा सकता है। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता जो किसी कार्य में मन लगाना चाहते हैं। योग एक ऐसा व्यायाम है जो फुर्तीलेपन, शक्ति और संतुलन में सुधार करता हैं। ध्यान के माध्यम से योग एक शांत दिमाग विकसित करता है, मन की एकाग्रता में सुधार करता है और चिंता को कम करता है। उम्र की परवाह किए बिना कोई भी व्यक्ति आसन में सुधार और संतुलित, स्वस्थ जीवन के लिए योग अपना सकता हैं। नियमित अभ्यास को शामिल करके, व्यक्ति बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य, बेहतर मानसिक लचीलेपन और जीवन की गुणवत्ता में सुधार सकते हैं।इस अवसर पर धन्वंतर सिंह, धन्नाराम, भरत योगी, रमेशनाथ योगी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य संबंधी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

पदमावत मीडिया

**सलूम्बर ।** स्वास्थ्य संबंधी समीक्षात्मक बैठक सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर डॉ. जे.पी बुनकर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में मौसमी बीमारियों, लू-तापघात, केपीआई, सम्पर्क पोर्टल, ई-फाईल, एनटीसीपी कार्यक्रम/ सीओटीपीए, आरबीएसके तथा एनीमिया मुक्त कार्यक्रम आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि पीसीटीएस संबंधित डाटा एवं विभागीय गतिविधियों की उपलब्धि का आंकलन जिसमें खण्ड सराडा प्रथम स्थान पर रहा। प्रत्येक माह खण्ड की रेकिंग की जायेगी। वहीं जनसंख्या स्थायीकरण एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य के प्रति सजग किया। सीओटीपीए के अन्तर्गत 05 अप्रेल-2024 से 24 अप्रेल-2024 तक कुल 327 विद्यालयों में अवेरनेस, तम्बाकु सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई वहीं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अन्तर्गत 36624 बच्चों को शपथ दिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र लोहार ने बताया कि सभी नागरिक एबीडी आईडी एडमिन जीओवी.पद लिंक से बनाये। जिससे भविष्य में हेल्थ रिकार्ड डिजीटीलाइज्ड हो सकें।

बैठक में 30 प्लस के नागरिकों को बीपी/शुगर/कैंसर स्क्रीनिंग सरकारी चिकित्सा संस्थान पर करावें को कहा गया।

बैठक में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिन्टु कुमावत द्वारा आरसीएच कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की एवं आरसीएच गतिविधियों को सुचारू रूप से जारी रखने के बारे में बताया गयां

बैठक में मुख्य चिकित्सा



एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर डॉ. जे.पी बुनकर द्वारा समस्त कार्यक्रमों की समीक्षा होने के पश्चात समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधिकार प्रभारीयों को निर्देशित किया गया कि समस्त राष्टीय कार्यक्रमों मे शत प्रतिशत उपलिब्ध एवं प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। उक्त समीक्षा बैठक में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. महेन्द्र लोहार जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. सिन्टु कुमावत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री देवेन्द्र पुरी गोस्वामी, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सलूम्बर डॉ. सम्पत लाल मीणा, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सराडा डॉ. सुरेश मझडावरिया, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयसमद डॉ.मनीष पाठक, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लसाडिया डॉ. अर्पित राव समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामु0स्वा0केन्द्र एवं समस्त खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे।

# भाषपुरा स्कूल व मोरवानिया गांव में बांधे परिंडे

## राजस्थान समाज सेवा संस्थान का सेवा अभियान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर की और से परिंडे बांधने और आमजन को निशुल्क परिंडे वितरित करने का सेवा अभियान जारी है।

उदयपुर शहर से करीब 27 किलोमीटर दूर गोगुंदा क्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाषपुरा में स्कूल प्रभारी दिनेश शर्मा और बच्चों ने मिलकर परिंडे बांधे। संस्थान की और से मोरवानियां गांव में पक्षी प्रेमी लहरसिंह देवड़ा और जागरूक नागरिकों ने भी परिंडे बांधे।

अब तक 450 परिंडे वितरित किए जा चुके



संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गर्मी के सीजन में 500 परिंडे बांधने और आमजन को वितरित करने का लक्ष्य रखा गया था। अब तक करीब 450 परिंडे वितरित किए जा चुके है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।